हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, बुधवार, 25 जून 2025

तापमान
अधिकतम 38.6 डिग्री
न्यूनतम 23.2 डिग्री

11 पटाखों का अवैध भंडारण करने वालों पर होगी कार्रवाई



12 सिंधु भवन पहुंच कर माता परमेश्वरी देवी जी को श्रद्धांजलि दी



## भैयापुर में अवैध कॉलोनी में निर्माण, सात नींव व कच्चा रोड नेटवर्क ध्वस्त

# राडार पर भूमाफिया, 86 कॉलोनियों में अवैध निर्माण करने वालों पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

जिले में अवैध कॉलोनियों बसाने वालों भूमाफिया पर प्रशासन ने नकेल कसने शुरू कर दी है। 86 कॉलोनियों में अवैध निर्माण की पहचान की गई है। जहां जल्द ही निर्माणों को गिराने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। मंगलवार को भैयापुर गांव में भू माफिया द्वारा बसाई जा रही एक अवैध कॉलोनी में प्रशासन ने जेसीबी मशीन से तोड़फोड़ की। इस दौरान एक बना हुआ ढांचा, 7 जगह की नींव और कच्ची सड़कों को तोड़ा गया। कुछ लोगों ने इसका विरोध भी किया, लेकिन पुलिस की मौजूदगी में कार्रवाई बिना रुकावट पूरी की गई। प्रशासन ने जमीन मालिकों को दोबारा अवैध निर्माण न करने की सख्त चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि अगर दोबारा अवैध निर्माण किया गया तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने बताया कि जल्द ही जिले की अन्य अवैध कॉलोनियों में भी तोड़फोड़ की जाएगी।

■ तोड़फोड़ के दौरान पुलिस भी रही मौजूद





### प्रशासन लगातार कार्रवाई कर रहा



जिला नगर योजनाकार सुमनदीप ने बताया कि प्रशासन की तरफ से 86 कॉलोनियों को चिह्नित कर रखा है, जिनमें अवैध निर्माण किए जा रहे है। ऐसी कॉलोनियों में प्रशासन लगातार कार्रवाई कर रहा है। अगर कोई अवैध कॉलोनी में निवेश करता है तो उसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। आमजन अपनी पूंजी को निवेश करने से पहले उनके कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में आकर पूछताछ कर सकते है।

### अवैध कॉलोनियों में निवेश न करें

डीसी धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि अवैध कॉलोनियों में प्रशासन की तरफ से लगातार तोड़फोड़ कार्रवाई की जा रही है। नागरिक अपने जीवन की जमा पूंजी को अवैध कालोनी या निर्माण में निवेश न करें। ऐसी कालोनियों व निर्माण के विरुद्ध जिला प्रशासन द्वारा समय-समय पर अभियान चलाया जाता है।

# ईंटों से भरे ट्रैक्टर-ट्राली से बाइक टकराई, युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

■ लाहली के पास हादसा, भिवानी का रहने वाला था अमरदेव

गांव लाहली के पास सुबह करीब 10 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। बाइक सवार व्यक्ति की ईंटों से भरे ट्रैक्टर ट्राली के साथ टक्कर हो गई, जिसमें बाइक सवार व्यक्ति की मौत हो गई। इसकी सूचना रहागीरों ने पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं, शव को कब्जे में पीजीआई के शवगृह में भेज दिया। मृतक की पहचान भिवानी निवासी करीब 35 वर्षीय अमरदेव पुत्र रामेश्वर के रूप में हुई, बाइक पर भिवानी से रोहतक आ रहा था। इसी दौरान ट्रैक्टर ट्राली को ओवरटेक करते हुए ट्रैक्टर की चपेट में आ गया, जिससे मौके पर ही अमरदेव की मौत हो गई। मृतक अमरदेव ने बाइक के हैंडल पर मोबाइल लगा रखा था, जिसमें वह लोकेशन देख रहा था। साथ ही मृतक के कानों पर इयरफोन भी लगे हुए थे। अनुमान है कि वह मोबाइल पर किसी लोकेशन को देखते हुए जा रहा था और ट्रैक्टर को ओवरटेक करने के चक्कर में हादसे का शिकार हो गया।

### ट्रैक्टर को ओवरटेक करते समय हादसा

राहगीरों ने बताया कि वह कलानौर की तरफ से रोहतक आ रहा था। रास्ते में देखा कि एक बाइक सवार युवक ने ट्रैक्टर में टक्कर मार दी। बाइक सवार व्यक्ति ट्रैक्टर को ओवरटेक कर रहा था, उसी समय सामने से गाड़ी आ गई, जिसके कारण बाइक ट्राली के बीच में घुस गई। बाइक पर व्यक्ति ने मोबाइल लगा रखा और कानों में इयरफोन लगा रखे थे। व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई।

### भिवानी से रोजाना जाता था सांपला

मृतक अमरदेव कैमरा मैकेनिक था और रोजाना भिवानी से सांपला जाता था। आज वह भी सांपला के लिए ही निकला था, जो रास्ते में हादसे का शिकार हो गया। मृतक के परिजनों को हादसे के बारे में जानकारी दे दी गई है। मृतक के जेब से मिले कागजों से उसकी पहचान हुई है।

### शिकायत पर केस दर्ज

गांव लाहली के पास सड़क हादसे की सूचना मिली थी। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। पुलिस ने शव को डेड हाउस रखवा दिया है।
-**विनोद**, एएसआई, थाना कलानौर

## खबर संक्षेप

### गोहाना रोड पर पुलिया बनवाने की मांग

**महम।** शहरवासियों ने प्रशासन से बारिश के सीजन में शहर के गंदे व बरसाती पानी की निकासी समुचित व्यवस्था करने की मांग की है। स्थानीय नागरिक राकेश भारद्वाज, गुलशन कुमार, जसमेर सिंह, अशोक कुमार, संदीप व नवीन आदि ने पीडब्ल्यूडी विभाग के कार्यकारी अभियंता को एक पत्र लिखकर बरसाती पानी की निकासी के लिए नए बस स्टैंड के पास गोहाना रोड पर पुलिया का निर्माण करवाने की मांग की है। कहा है कि यह पुलिया 12 साल पुरानी है और छोटी व तंग है। इसके नीचे से पानी की निकासी ठीक से नहीं हो पाती। यदि पुलिया की चौड़ाई व ऊंचाई बढ़ा दी जाए तो शहर के दूषित जल की निकासी समुचित तरीके से हो जाएगी। यदि यहां पर पुरानी छोटी पुलिया को तोड़कर नई बड़ी पुलिया बनाई जाए तो गंदे पानी की निकासी की समस्या दूर हो जाएगी।

### बैट्री चोरी की वारदात में तीसरा आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने बैट्री चोरी की वारदात में तीसरे आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है। एवीटी प्रभारी अश्वनी कुमार ने बताया कि ईस्माइला निवासी नवीन की शिकायत के आधार पर थाना कलानौर में केस दर्ज करेक जांच शुरु की गई। जांच में सामने आया कि इंडस कंपनी का टावर काहनौर में लगा हुआ है। 8 मार्च 2024 को रात के समय टेक्नीशियन ने फोन कर बताया कि काहनौर साइट से अज्ञात युवकों ने 24 बैट्री चोरी कर गाड़ी में लोड़ करने के लिये रोड पर रखी है। गाड़ी धंसने के कारण अज्ञात युवक बैट्री व गाड़ी मौके पर छोड़कर फरार हो गये। जांच के दौरान 23 जून को आरोपी चिन्नु निवासी इन्द्रगढ, रोहतक को गिरफ्तार किया गया है। वारदात में शामिल रहे आरोपी पुनीत व मोनु को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

### बंदियों को दी कानूनी अधिकारों की जानकारी

**रोहतक।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षा नीरजा कुलवंत कलसन तथा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी डॉ. तरन्नुम खान के निर्देशानुसार प्राधिकरण द्वारा जिला जेल सुनारिया में मेडिटेशन एवं कानूनी जागरूकता व साक्षरता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बंदियों को मानसिक शांति प्रदान करना एवं उन्हें उनके कानूनी अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना था। सीजेएम डॉ. तरन्नुम खान ने बताया कि इस कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों द्वारा बंदियों को ध्यान करवाया गया।

# टूटे तार को ठीक कर रहा बिजली कर्मचारी खंभे से नीचे गिरा, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सांपला

■ पैर फिसलने से गर्दन के बल जमीन पर गिरा सुरेंद्र
■ हादसे में एक अन्य कर्मचारी घायल, इलाज के बाद छुट्टी मिली

गांव में हसनगढ़-खुरमपुर मार्ग पर सोमवार की देर शाम बिजली के पोल से गिरने पर एक कर्मचारी की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों के हवाले कर दिया। बताया गया कि सोमवार की शाम को हसनगढ़-खुरमपुर मार्ग पर बिजली का तार टूट गया। बिजली बंद का परमिट लेकर लाइनमैन सुरेंद्र सहित 4 कर्मचारी तार जोड़ने लगे। बताया गया कि सुरेंद्र का पोल से पैर फिसल गया और गर्दन के बल जमीन पर आ गिरा और बेहोश हो गया। तभी उसको अन्य कर्मचारियों ने खेड़ी साध के पास प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। जहां उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने मंगलवार को शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया गया। बताया गया एक कर्मचारी दिलावर को भी हल्की चोट लगी थी, इलाज के बाद डॉक्टरों ने उसको छुट्टी दे दी। मृतक सुरेंद्र जींद जिले के गांव गतोली का रहने वाला था। जेई धर्मपाल ने बताया कि सुरेंद्र की पोल पर काम करते वक्त गिरने से मौत हो गई।

# पश्चिम बंगाल के दंपत्ति ने गोद ली बच्ची

■ प्रशासन ने पूरी करवाई प्रक्रिया ■ उपायुक्त ने बच्ची के माता-पिता का मुंह मीठा करवाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक



जिलाधीश धर्मेन्द्र सिंह ने चौ. लखीराम आर्य जगन्नाथ आश्रम में रह रही पहली बच्ची को पश्चिमी बंगाल के मूल निवासी प्राइवेट कंपनी में कार्यरत दम्पति को गोद देकर एक नई शुरुआत की है। उन्होंने दम्पति को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी और बच्चे के उज्जवल भविष्य की कामना भी की। धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि बच्ची को गोद देने की प्रक्रिया किशोर न्याय अधिनियम 2015, किशोर न्याय आदेश नियम (2016) संशोधित 2022, और एडॉप्शन रेगुलेशन 2022 के तहत पूर्ण की गई है, जिसके तहत दम्पति ने स्वयं को केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण (सीएआरए) पोर्टल पर पंजीकृत करवाया था और संबंधित दस्तावेज भी अपलोड किए थे। दस्तावेजों की जांच व मिलान का कार्य जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा किया गया। इसके उपरांत नियमानुसार बच्ची को गोदनामे के आदेश जारी करते हुए दम्पति को पूर्ण रूप से गोद दे दिया गया है। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा इस बच्ची व परिवार का लगातार 2 साल तक फॉलोअप किया जाएगा।

### सफाई ठेकेदार पर अवैध वसूली का आरोप, दुकानदारों ने एसडीएम से की शिकायत

**महम।** नगर पालिका द्वारा शहर में नालों की सफाई का काम करवाया जा रहा है। सफाई का काम कर रहे ठेकेदार पर दुकानदारों ने अवैध वसूली करने का आरोप लगाया है। इस संबंध में दुकानदारों ने एसडीएम मुकुंद को शिकायत दी है। एसडीएम को दी शिकायत में कहा है कि जिस ठेकेदार के पास नालों की सफाई का ठेका है, वह लोगों से मनमाने पैसे वसूल कर रहा है। जो दुकानदार पैसे दे देता है वह उसकी दुकान के आगे बिन स्लैब तोड़े ही सफाई करवा देता है और जो पैसे नहीं देता, उसकी दुकान के सामने से स्लैब तोड़ दिए जाते हैं। नाले की गंदगी दुकान के सामने फैला दी जाती है। एक दुकानदार ने बताया कि ठेकेदार ने उससे 600 रुपए लिए हैं। एसडीएम ने दुकानदारों को मामले की जांच के बाद उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया है। इस मौके पर रमेश कुमार, सतीश सहित अन्य मौजूद रहे।

### सीसर खास में 27 को प्रशासन का रात्रि ठहराव, डीसी सुनेंगे शिकायतें

**रोहतक।** अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा हरियाणा उदय कार्यक्रम के तहत 27 जून को महम खंड के गांव सीसर खास में रात्रि ठहराव कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ग्रामीणों की शिकायतें सुनेंगे तथा इन शिकायतों के निपटारे के लिए अधिकारियों को दिशा-निर्देश देंगे। रात्रि ठहराव कार्यक्रम के दौरान गांव की सामूहिक समस्याओं का समाधान भी किया जाएगा। विभिन्न विभागों द्वारा 27 जून को सीसर खास गांव स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित होने वाले रात्रि ठहराव कार्यक्रम के दौरान स्टॉल लगाकर पात्र ग्रामीणों को मौके पर योजनाओं व सुविधाओं का लाभ दिया जाएगा तथा जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी।

### छात्रों ने सीखे आपात स्थिति में प्राथमिक उपचार के तरीके



**रोहतक।** तिलियार स्थित इंस्टीट्यूट ऑफ़ होटल मैनेजमेंट में होम स्टे केयरटेकर ट्रेनिंग कोर्स कर रहे विद्यार्थियों के लिए प्राथमिक उपचार कार्यशाला का आयोजन किया गया। ट्रेनिंग कोऑर्डिनेटर डॉ. श्वेता ने बताया कि सेमिनार में कायनोस हॉस्पिटल से डॉ. विक्रम देशवाल, न्यूरोलॉजिस्ट व डॉ. श्वेता, एनेस्थीसिया कायनोस हॉस्पिटल ने इमरजेंसी में फर्स्ट ऐड के बारे में छात्रों को ट्रेनिंग दी। प्रधानाचार्य संजीब डे ने कहा कि फस्ट एड प्रशिक्षण सभी शिक्षण संस्थानों में दिया जाना चाहिए ताकि आपात स्थिति या किसी रोड एक्सिडेंट में घायल को प्राथमिक उपचार आम जनता से उपलब्ध हो सके। एक जागरूक और स्किल्ड समाज अनेकों जान बचा सकता है।

## एक जुलाई से 30 सितंबर तक पंचायत स्तर पर चलाया जाएगा वित्तीय समावेशन अभियान

# ग्रामीणों के जीरो बैलेंस पर खाते खोले जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

■ बैंक कर्मचारी कंप्यूटर, प्रिंटर व अन्य आवश्यक सामान लेकर गांवों में पहुंचेंगे

एक जुलाई से 30 सितंबर तक पंचायत स्तर पर चलाए जाने वाले वित्तीय समावेशन के अभियान के दौरान अब तक बैंक खाता न खुलवाने वाले लोगों के जीरो बैलेंस बैंक खाते खोले। इसके लिए गांवों में शिविर आयोजित कर सहानुभूतिपूर्वक बैंक खाते से वंचित हर व्यक्ति का खाता खुलवाना सुनिश्चित करें। यह बात अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार लघु सचिवालय स्थित सभागार में आयोजित विशेष जिला स्तरीय परामर्शदात्री बैठक में कही। बैठक में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रदीप कौशिक, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल, एलडीएम महाबीर प्रसाद सहित विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा जनधन योजना के तहत लोगों के खाते खुलवाए गए है। उस अभियान के दौरान बैंक खाता खुलवाने से वंचित रहे सभी व्यक्तियों के जीरो बैलेंस पर बैंक खाते खोले जाए ताकि वित्तीय लेनदेन में पारदर्शिता हो और जनकल्याणकारी योजनाओं व सरकारी सुविधाओं का लाभार्थियों तक सीधा लाभ पहुंच सके। अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने कहा कि इस अभियान के दौरान बैंक खाते खुलवाने के लिए कैंपों में आने वाले लोगों के साथ बैंक कर्मचारी अच्छा व्यवहार करें तथा सहानुभूतिपूर्वक बैंक खाते खोले। सभी संबंधित बैकर्स अपने साथ आवश्यक उपकरण कंप्यूटर, प्रिंटर इत्यादि मौके पर साथ लेकर जाए ताकि लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि बैंकर्स इन शिविरों में संबंधित आवश्यक दस्तावेजों की सूची प्रदर्शित करें। उन्होंने कहा कि बैंकर्स इस अभियान के तहत जिला की प्रत्येक ग्राम पंचायत में कैंप का आयोजन कर सभी पात्र ग्रामीणों के वित्तीय समावेशन के तहत चलाई जा रही सभी योजनाओं में भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। इसके तहत जनधन के जीरो बैलेंस पर खाते खोलने, निष्क्रिय खातों को दोबारा चालू करने, प्रधानमंत्री सुरक्षा, जीवन ज्योति बीमा योजना तथा अटल पेंशन योजना का मौके पर पंजीकरण करवाएं।



रोहतक। अधिकारियों की बैठक लेते अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार।

### पंचायतों के साथ बैंकर्स का तालमेल करवाया जाएगा

जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रदीप कौशिक ने कहा कि पंचायत स्तर पर वित्तीय समावेशन योजनाओं के लिए अभियान के तहत ग्राम पंचायतों के साथ बैंकर्स का तालमेल करवाया जाएगा ताकि उन्हें इस अभियान के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल से कहा कि वे अभियान शुरू होने से पूर्व ग्राम पंचायतों के सरपंचों की बैठक आयोजित करें, जिसमें बैंकर्स के साथ तालमेल करवाए। उन्होंने कहा कि इस अभियान के दौरान एलडीएम द्वारा यह भी सुनिश्चित किया जाए कि यदि किसी व्यक्ति का जनधन का बैंक खाता किसी कारण से निष्क्रिय हो गया है तो ऐसे व्यक्तियों की मौके पर केवाईसी करवाकर इन खातों को सक्रिय करवाए।


WE CARE MULTISPECIALITY HOSPITAL | VENKATESHWAR HOSPITAL
वेंकटेश्वर हॉस्पिटल, नई दिल्ली
एवं
वी केयर मल्टी-स्पेशियलिटी, हॉस्पिटल, रोहतक, हरियाणा
के सौजन्य से
सुपर स्पेशलिटी ओ.पी.डी.
न्यूरोसर्जरी — 10, जुलाई, 2025 हर महीने के दूसरे गुरुवार को
मेडिकल ऑन्कोलॉजी (कैंसर) — 27, जून, 2025 4 एवं 18 जुलाई, 2025 हर महीने के पहले एवं तीसरे शुक्रवार को
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी (कैंसर) — 14 एवं 28, जुलाई, 2025 हर महीने के दूसरे एवं चौथे सोमवार को
किडनी रोग एवं किडनी ट्रांसप्लांट — 27, जून, 2025 11 एवं 25 जुलाई, 2025 हर महीने के दूसरे एवं चौथे शुक्रवार को
सुबह 10:30 बजे से दोपहर के 01:30 बजे तक
वी केयर मल्टी-स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, सोनीपत रोड, विकास नगर, रोहतक, हरियाणा -124001
वेंकटेश्वर हॉस्पिटल सभी TPAs | Insurance | CGHS | ECHS | CAPF | ESI के पैनल पर हैं
7290072988, 7404347360/61 | Sector 18A, Dwarka www.venkateshwarhospitals.com



# अक्षरधाम में नजर आएंगे अक्षय फिल्म का पहला पोस्टर जारी

**मुंबई।** अक्षरधाम का निर्देशन केन घोष कर रहे हैं। फिल्म मेकर्स ने मंगलवार को अक्षरधाम का नया पोस्टर जारी कर फैंस को खुश कर दिया है। पोस्टर में अक्षय खन्ना का दमदार लुक देखकर नजर आ रहा है। सी स्टूडियोज ने इंस्टाग्राम पर फिल्म अक्षरधामका पोस्टर जारी किया और कैप्शन में लिखा, 'आतंक की एक शाम। बेमिसाल वीरता की एक रात। यहां अक्षरधाम ऑपरेशन वज्र शक्ति का पहला लुक है, एक ऐसी कहानी जिसे भारत कभी नहीं भूलेगा! ट्रेलर बुधवार को रिलीज होगा। देखते रहिए। 4 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।' फिल्म का यह पोस्टर फैंस को बेहद पसंद आ रहा है। वह इस पोस्टर पर लाल दिल वाले और फॉयर इमोजी बरसा रहे हैं।

लाइफ Style



# सारा

## जाओ हमारे गाने सुनो और कोरस में कहो- कमाल है

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड एक्ट्रेस सारा अली खान ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर अपनी कुछ खास तस्वीरें शेयर कीं। इस शानदार लुक के साथ सारा ने एक खास शायरी भी लिखी है। सारा की इस शायरी पर उनके भाई इब्राहिम ने एक प्यारा कमेंट शायरी स्टाइल में दिया है।

सारा अली खान ने इंस्टाग्राम पर अपनी शानदार तस्वीरें शेयर कीं। इस नए लुक में सारा ऑफ शोल्डर लाल जंप सूट में नजर आ रही हैं। फैंस को सारा का यह लुक बेहद पसंद आ रहा है। फैंस ने उनके इस लुक पर फायर और लाल दिल वाले इमोजी बरसाए हैं। सारा ने इन तस्वीरों के साथ कैप्शन में इस शानदार लुक के साथ एक शायरी लिखी। उन्होंने लिखा, 'लाल मेरे दिल का हाल है, आधा टाई आधा खुला मेरे बाल है, हाई हील्स में व्यस्त चाल है, लेकिन एल्बम लॉन्च के लिए तैयार रहना चाहिए क्योंकि वाह क्या सुर और ताल है।' सारा ने आगे लिखा, 'जाओ हमारे गाने सुनो और कोरस में कहो- कमाल है, कमाल है, कमाल है।' सारा की इस पोस्ट पर उनके भाई और एक्टर इब्राहिम अली खान ने भी शायरी में जवाब देते हुए सारा की तारीफ की है और साथ ही कहा कि तुम्हारी याद आती है बहन।' सारा की इस पोस्ट पर इब्राहिम अली खान ने कमेंट किया, 'तुम्हारी याद आती है बहन, तुम्हारे बिना लंदन कड़वा है, मैं यह सुनिश्चित करूंगा कि मैं तुम्हारे पास जल्दी वापस आऊं और फिर निश्चित रूप से हम अपनी कलह शुरू कर देंगे। शायरी लिखना शायद मेरे खून में है और क्या बोलूं मेरी बहन सब से अच्छी है।'

## हॉलीवुड मसाला



# 24 वर्षों बाद एक साथ आए नजर

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड अभिनेता ब्रैड पिट की आगामी फिल्म 'एफ 1' का प्रीमियर लंदन में किया गया। इस दौरान कई दिग्गज सितारे शामिल हुए। हालांकि, यह प्रीमियर चर्चा का विषय तब बना, जब हॉलीवुड सुपरस्टार टॉम क्रूज शो में भाग लेने पहुंचे और दोनों अभिनेताओं को साथ में करीब 24 साल बाद देखा गया। दोनों को आखिरी बार साल 2001 में 'अमेरिकाः ए ट्रिब्यूट टू हीरोज' कॉन्सर्ट में देखा गया था। टॉम क्रूज ने अपने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें वो ब्रैड पिट के साथ नजर आ रहे हैं।




# जोनस ने खुद को बताया भाग्यशाली

**लॉस एंजिल्स।** निक जोनस अपनी पत्नी और एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा की तारीफ का कोई मौका नहीं छोड़ते हैं। वो अक्सर प्रियंका की तारीफ करते रहते हैं और उन्हें अपने लिए सबसे खास बताते रहते हैं। अब एक बार फिर निक जोनस ने पत्नी प्रियंका की तारीफ की है और खुद को लकी बताया है। निक जोनस ने अपने इंस्टाग्राम पर एक फोटो शेयर की है। इस फोटो में निक और प्रियंका एक साथ नजर आ रहे हैं। फोटो में निक एक चेयर पर बैठे हुए हैं और प्रियंका उनकी गोद में बैठी हुई हैं। इस तस्वीर को शेयर करते हुए निक ने जो कैप्शन लिखा है, उसने सबका ध्यान अपनी ओर खींचा है। निक ने इस तस्वीर को शेयर करते हुए कैप्शन में सिर्फ 'लकी मी' लिखा है। साथ में उन्होंने एक रेड हार्ट भी बनाया है।



# शुरू किया निकिता रॉय का प्रमोशन...

**मुंबई।** सोनाक्षी सिन्हा ने मंगलवार को सोशल मीडिया हैंडल पर अपनी शानदार तस्वीरें शेयर की हैं। एक्ट्रेस ने यह स्टाइलिश लुक अपनी आगामी फिल्म निकिता रॉय के लिए लिया है। सोनाक्षी ने इस बेहतरीन लुक के साथ एक खास नोट भी लिखा है। सोनाक्षी सिन्हा ने इंस्टाग्राम पर अपनी शानदार तस्वीरें शेयर कर फैंस को खुश कर दिया है। इस लुक के साथ सोनाक्षी ने कैप्शन में लिखा, 27 जून को सिनेमाघरों में मिलते हैं। एक फैन ने लिखा, सर्विंग लुक फीट. निकिता रॉय, एक और फैन ने लिखा, ग्लोइंग, एक और फैन ने लिखा, ग्लैमरस, एक और फैन ने लिखा, सुंदर, एक और फैन ने लिखा, बहुत सुन्दर लग रही है प्यारी सोना, एक और फैन ने लिखा, सोना फॉयर है'। हाल ही में सोनाक्षी सिन्हा ने अपनी शादी के एक साल पूरे होने का जश्न मनाया।



# सबके सामने कॉल पर माफी मांगते रहे

**मुंबई।** सिंगर अरिजीत के गाए गानों के कई लोग फैन है, लोग उनके म्यूजिक कॉन्सर्ट को भी एंज्वॉय करते हैं। अरिजीत के बॉलीवुड फिल्मों में गाए गाने भी खूब पॉपुलर होते हैं। हाल ही में एक इवेंट में देखा गया कि अरिजीत वीडियो कॉल पर हैं और वहां मौजूद लोगों से माफी मांग रहे हैं। सोमवार को फिल्म 'मेट्रो इन दिनों' फिल्म का म्यूजिक लॉन्च इवेंट था। इस फिल्म को दो गाने अरिजीत ने भी गाए हैं, जो इस वक्त सोशल मीडिया पर ट्रेंड कर रहे हैं। फिल्म के म्यूजिक लॉन्च इवेंट पर सभी मौजूद थे, बस अरिजीत नहीं आ पाए। ऐसे में म्यूजिक कंपोजर प्रीतम ने अरिजीत को वीडियो कॉल लगाया। वायरल वीडियो में अरिजीज कॉल पर अपने फैंस से माफी मांगते दिखते हैं, क्योंकि वह इवेंट में नहीं आए पाए। काफी देर तक प्रीतम और अरिजीत वीडियो कॉल पर बात करते हैं।

## टीवी मसाला



# महारानी वेब सीरीज को मिल चुके हैं 10 से ज्यादा अवॉर्ड्स

**नई दिल्ली।** 'पंचायत' सीरीज के सचिव जी, प्रहलाद चा और प्रधान जी के किरदार ने सभी को अपना दीवाना बना लिया। अब इसकी पॉपुलैरिटी की वजह से इसका चौथा सीजन कुछ दिनों में सबके बीच आने वाला है। हालांकि, एक और वेब सीरीज है, जिसकी कहानी ने सबका मन मोह लिया। इस सीरीज को 14 अवॉर्ड्स और 33 नामांकन भी मिल चुके हैं। इस वेब सीरीज का नाम है 'महारानी', जिसके अभी तक तीन सीजन सोनी लिव पर आ चुके हैं। इसमें बॉलीवुड अभिनेत्री हुमा कुरैशी ने मुख्य भूमिका निभाई है। इसकी कहानी बिहार की पृष्ठभूमि पर आधारित है, जिसमें अभनेत्री ने रानी भारती का किरदार निभाया है और उन्हें राजनीति के लिए संघर्ष करते देखा जाता है। उनके किरदार ने दर्शकों और समीक्षकों को इस कदर प्रभावित किया कि इस सीरीज को कई अवॉर्डों से भी सम्मानित किया जा चुका है। हुमा कुरैशी अभिनीत 'महारानी' वेब सीरीज के तीन सीजन रिलीज हो चुके हैं। आईएमडीबी के मुताबिक इस सीरीज को 14 अवॉर्ड्स और 33 नामांकन मिल चुके हैं। इसके लिए हुमा कुरैशी को आईटीए बेस्ट एक्ट्रेस (ड्रामा ओटीटी) का भी सम्मान मिल चुका है। वहीं, एक्ट्रेस को फिल्मफेयर क्रिटिक्स च्वाइस अवॉर्ड में भी बेस्ट एक्ट्रेस का खिताब मिला। इसके अलावा अभिनेत्री और उनकी सीरीज 'महारानी' को कई अवॉर्ड्स के साथ-साथ कई बार नामांकित भी किया जा चुका है।

## सिनेमा का एक इंस्टीट्यूट है 'पंचायत'

**नई दिल्ली।** लोगों का इंतजार खत्म हुआ और साल का सबसे मच अवेटेड शो 'पंचायत सीजन 4' अब रिलीज हो चुका है। प्राइम वीडियो ने रात 12 बजे ही पंचायत के चौथे सीजन को स्ट्रीम कर दिया। अधिकांश लोग चौथे सीजन को देखने के बाद इसकी तारीफ कर रहे हैं। एक यूजर ने एक्स पर सीरीज का रिव्यू करते हुए शो में कलाकारों के अभिनय और कहानी की तारीफ की। साथ ही इस सीजन में जो लव स्टोरी एड की गई है, उसकी भी तारीफ हो रही है। हालांकि, यूजर ने शो के कुछ एक सीन को बोरिंग बताया है। एक यूजर ने तारीफ करते हुए लिखा, 'पंचायत सीजन 4 सिर्फ एक शो नहीं है, यह सिनेमा का एक इंस्टीट्यूट है। कहानी, स्क्रीनप्ले और इमोशन सब कुछ एकदम मास्टरक्लास है। यह आपको हंसाता है, रुलाता है, हर फ्रेम बोलता है। कुछ जीत खुशी नहीं लातीं, कुछ जीतें हार से ज्यादा दुख देती हैं। यह सच है, यही पंचायत है।'कई यूजर्स को चौथे सीजन में रिंकी और सचिव जी की आगे बढ़ती लव स्टोरी काफी पसंद आ रही है। फैंस इसकी तारीफ कर रहे हैं।



# वॉर 2 ने रिलीज से 51 दिन पहले बनाया रिकॉर्ड

**मुंबई।** ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर अपनी आने वाली फिल्म वॉर 2 से धमाका करने वाले हैं। हाल में फिल्म की पहली झलक सामने आई थी जिसे देखने के बाद फैंस फिल्म रिलीज के इंतजार में बैठे हैं। फिल्म में दो सुपरस्टार्स को एक साथ एक्शन करते देखना मजेदार होने वाला है। इस फिल्म को लेकर ऑडियंस में इतनी एक्साइटमेंट है कि मूवी टिकट बुकिंग प्लेटफार्म पर वॉर 2 को डेढ़ लाख से भी ज्यादा लाइक्स मिले हैं। मतलब इतने लोगों ने फिल्म रिलीज के 51 दिन पहले से फिल्म को देखने के लिए अपनी रुचि दिखाई है।

### दो बड़े स्टार एक साथ आएंगे नजर

ट्विटर पर एक फैन ने इस बात की जानकारी देते हुए लिखा, वॉर 2 पर डेढ़ लाख लोगों ने फिल्म देखने के लिए इंटरेस्ट दिखाया है। ये नतीजे फिल्म रिलीज के 51 दिन पहले के हैं। ये फिल्म थिएटर पर धमाका करने वाली है। वॉर 2 को लेकर ऑडियंस में उत्साह है। इस फिल्म में पहली बार दो इतने बड़े सुपरस्टार एक साथ नजर आएंगे। दोनों के बीच जबरदस्त एक्शन दिखने को मिलने वाला है। इसके अलावा एक डांस सीक्वेंस भी शूट किया गया है।



### बजट और फीस

फिल्म के बजट की बात करें इस फिल्म को 200 करोड़ में बनाया गया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक जूनियर एनटीआर ने अपनी फीस घटा कर सिर्फ 30 करोड़ में काम किया है। वहीं, सुपरस्टार ऋतिक रोशन ने 48 करोड़ की मोटी रकम ली है। कियारा अडवानी ने ये फिल्म 15 करोड़ में की है। फिल्म के डायरेक्टर अयान मुखर्जी ने 32 करोड़ लिए हैं। ये फिल्म 14 अगस्त को रिलीज हो रही है।

# सोनम ने 12 इंच लंबे बालों का किया दान



*मुंबई। अभिनेत्री सोनम कपूर अक्सर सोशल मीडिया पर किसी ना किसी वजह से चर्चा में रहती हैं। इस बार एक्ट्रेस ने अपने बालों को कटवाया है और एक अनोखा कदम उठाते हुए उन बालों को दान किया, जिस कारण से नेटिजंस उनका बहुत मजाक उड़ा रहे हैं। इसके साथ ही आपको बताते चलें कि अभिनेत्री ने अपने लंबे बालों के लिए पिता अनिल कपूर का शुक्रिया अदा किया है। सोनम कपूर ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा किया, जिसमें उन्हें सैलून में अपने बालों को छोटा करवाते हुए देखा जा सकता है। वीडियो में उन्हें मुस्कुराते हुए देखा जा रहा है। इस पोस्ट को शेयर करते अभिनेत्री ने बताया, 'मैंने अपने 12 इंच बाल कटवाए हैं। शायद वीडियो में यह छोटा लगे, लेकिन यह सच में एक फुट लंबा है।' इसके साथ ही उन्होंने कैप्शन में लिखा, मैंने अपने बालों को 12 इंच छोटा करवाने और दान करने का निर्णय लिया है। इतने खूबसूरत जींस के लिए धन्यवाद अनिल कपूर। इस वीडियो के सामने आते ही नेटिजंस अभिनेत्री का खूब मजाक उड़ा रहे हैं। एक यूजर एक्ट्रेस का मजाक बनाते हुए कहते हैं, 'इतना बड़ा बलिदान, आप इतने सारे बाल कैसे दान कर सकती हैं। आप पहचान में नहीं आ रही हैं, यह कब वापस उगेंगे। हे भगवान इन बालों से पूरे गांव के लिए विग बनाई जा सकती है।' एक और यूजर ने उन पर कटाक्ष करते हुए बोला, 'लग रहा है जैसे उन्होंने अपने बेकार बालों को काट दिए और उन डैमेज बालों को दान में दे दिया । वाह क्या सोच है।' इसके अलावा एक अन्य यूजर ने कमेंट सेक्शन में गुस्से में लिखा कि ये 12 इंच नहीं, बल्कि छह इंच है। कुछ और यूजर्स ने अभिनेत्री के इस फैसले पर व्यंग्य किया है।*

## दो अलग-अलग धुरी पर खड़े लोगों के बीच हो जाती है मोहब्बत

# मेट्रो इन दिनों से लेकर बागबान तक में दिखा उम्रदराज जोड़े का प्यार

*नई दिल्ली। 'ना उम्र की सीमा हो, ना जन्म का हो बंधन, जब प्यार करे कोई तो देखे केवल मन'यह बॉलीवुड सॉन्ग प्यार के सच्चे अहसास को बयां करता है। बॉलीवुड में कई ऐसी फिल्में बनी हैं, जिनमें दो अलग-अलग धुरी पर खड़े लोगों के बीच मोहब्बत हो जाती है। यहां तक की उम्रदराज जोड़ियों की मोहब्बत पर भी बॉलीवुड में कई फिल्में बनी हैं। जल्द ही 'मेट्रो इन दिनों'में भी अनुपम खेर और नीना गुप्ता के किरदारों के बीच ऐसा ही रोमांस देखने को मिलेगा। इससे पहले भी कई फिल्मों में उम्रदराज जोड़ों के प्यार की कहानी को बड़ी खूबसूरती से बयां किया गया है।*




**लाइफ इन ए मेट्रो :** साल 2007 में फिल्म 'लाइफ इन ए मेट्रो' रिलीज हुई, फिल्म को अनुराग बसु ने ही निर्देशित किया था। फिल्म में अलग-अलग उम्र के लोगों की लव स्टोरीज दिखाई गई, इन्हीं में से एक लव स्टोरी धर्मेंद्र और नफीसा अली द्वारा निभाए गए किरदारों की थी। फिल्म में कई साल बाद एक जोड़ा मिलता है, अपने पुराने प्यार को अंजाम तक लेकर जाने की कोशिश करता था। इस फिल्म में धर्मेंद्र और नफीसा पर एक किसिंग सीन भी फिल्माया गया था।

**चीनी कम :** अमिताभ बच्चन और तब्बू की जोड़ी फिल्म 'चीनी कम (2007)' में नजर आई। आर बाल्की निर्देशित इस फिल्म में अमिताभ और तब्बू के किरदारों के बीच मैच्योर किस्म का प्यार देखना फैंस के लिए नया एक्सपीरियंस था।





**बागबान :** फिल्म 'बागबान (2003)' एक फैमिली ड्रामा फिल्म थी, मगर पति-पत्नी के रोल में नजर आए अमिताभ बच्चन और हेमा मालिनी का प्यार ही फिल्म की कहानी का केंद्र था। उम्रदराज जोड़ा जब किन्हीं वजहों से एक-दूसरे से दूर हो जाता है तो इनका दर्द दर्शकों से भी नहीं देखा जाता है। आखिर में दोनों मिलते हैं और फिल्म हैप्पी एंडिंग पर खत्म होती है।



**बधाई हो :** फिल्म 'बधाई हो (2018)' में आयुष्मान खुराना के माता-पिता के रोल में नीना गुप्ता और गजराज राव नजर आए। इस जोड़े के बीच भी रोमांस दिखाया गया। फिल्म की कहानी इनके रोमांस और वर्षों बाद होने वाले बच्चे पर थी। यह सिचुएशन फिल्म में कॉमेडी की वजह भी बनती है, लेकिन आखिरी में फिल्म दर्शकों को इमोशनल कर जाती है। इस फिल्म के डायरेक्टर अमित रविंद्रनाथ शर्मा थे।

*इन फिल्मों में भी दिखा मैच्योर लव : रोहित शेट्टी निर्देशित गोलमाल 3 (2010) में भी रतना पाठक और मिथुन चक्रवर्ती के बीच एक मैच्योर लव स्टोरी देखने को मिली। साल 2005 में 'प्यार में ट्विस्ट' नाम की एक फिल्म रिलीज हुई, इसमें ऋषि कपूर और डिंपल कपाड़िया के किरदारों के बीच रोमांस दिखाया गया था। फिल्म को हृदय शेट्टी ने निर्देशित किया था।*

**खबर संक्षेप**

### फोन छीनने की कोशिश में शामिल दो गिरफ्तार

**सोनीपत।** मुरथल थाना सोनीपत पुलिस ने फोन छीनने की कोशिश में शामिल दो आरोपितो को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित तुषार व हितेश निवासी जटवाड़ा का है। पुलिस ने आरोपितो को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। मधुबनी बिहार निवासी दीपक ने गत 23 जून को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि वह मंगल ढाबे पर काम करता है। सोमवार को दीपक ढाबे पर बैठकर मोबाइल बात कर रहा था। इसी दौरान दिल्ली की तरफ से काले रंग की बाइक पर सवार होकर दो युवक आए और उनका मोबाइल को छीनने की कोशिश की।

### 25 को गोहाना में भाजपा मनाएगी काला दिवस

**गोहाना।** भाजपा द्वारा 25 जून को काला दिवस के रूप में मनाया जाएगा। यह जिलास्तरीय कार्यक्रम गोहाना में बरोदा रोड पर समता चौक के समीप स्थित भगवान वाल्मीकि आश्रम में प्रातः 10 बजे आयोजित होगा। भाजपा जिला गोहाना के अध्यक्ष बिजेंद्र मलिक द्वारा इस कार्यक्रम के लिए संयोजक और सह संयोजकों की नियुक्ति की गई। कार्यक्रम के लिए रणधीर सिंह लठवाल को जिला संयोजक, सुमित कक्कड़ और ओमवीर वत्स को सह संयोजक नियुक्त किया गया। जिलाध्यक्ष बिजेंद्र मलिक के अनुसार 25 जून का वह काला दिवस है जिस दिन वर्ष 1975 में तत्कालीन प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी द्वारा इमरजेंसी लगाकर लोगों की जबरदस्ती नसबंदी करके संविधान की हत्या की गई थी।

### रेलवे फाटक 26 जून को 12 घंटे तक बंद रहेगा

**गोहाना।** रोहतक-पानीपत रेलवे लाइन स्थित मुंडलाना-बुसाना रोड स्थित फाटक 26 जून को 12 घंटे बंद रहेगी। इस दिन रेलवे द्वारा वहां पर रखरखाव व मरम्मत कार्य कराया जाएगा। उत्तर रेलवे गोहाना के सीनियर सेक्शन इंजीनियर द्वारा इस संबंध में एसडीएम को सूचना दी गई और प्रशासन से सहयोग मांगा। 26 जून को फाटक के बीच में लाइन पर सुबह आठ बजे कार्य शुरू करवाया जाएगा जो रात को आठ बजे तक चलेगा।

### रोल बॉल खेल के लिए प्रतियोगिता 13 को

**सोनीपत।** जिला रोल बॉल एसोसिएशन ऑफ सोनीपत के द्वारा अंडर -11 (मिनी) और अंडर - 17 (जूनियर) आयु वर्ग के खिलाड़ियों की जिला स्तरीय रोल बॉल प्रतियोगिता करवाई जाएगी। जिसके तहत अंडर-11 (मिनी) और अंडर-17 (जूनियर) आयु वर्ग कि जिला स्तरीय रोल बॉल प्रतियोगिता रविवार को 13 जुलाई को टक्सन सिटी स्थित तेजल स्पोर्ट्स क्लब में आयोजित की जाएंगी।

### ग्रीवेंस कमेटी के सदस्य ने सीएम से की शिकायत

**बहादुरगढ़।** ग्रीवेंस कमेटी के सदस्य जसबीर सैनी ने सीएम नायब सैनी से मुलाकात की। उन्होंने सीएम से कहा कि बहादुरगढ़ में हो रहे विकास कार्यों में धांधली बरती जा रही है। कुछ अधिकारी व ठेकेदार मिलकर भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहे हैं।

## पटाखों पर प्रतिबंध को सख्ती से लागू करवाने के लिए खंड स्तर समितियां गठित

# पटाखों की बिक्री, उपयोग और भंडारण करने वालों पर होगी कानूनी कार्रवाई

- सूचना मिलते ही प्रवर्तन समितियां करेंगी तुरंत कार्रवाई
- सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर एनसीआर में पटाखों पर है पूर्ण प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम



**महम।** पटाखों पर प्रतिबंध सुनिश्चित करवाने के मुद्दे पर अधिकारियों की बैठक लेते एसडीएम मुकुंद। *फोटो : हरिभूमि*

उप मंडल अधिकारी नागरिक महम के कार्यालय में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में एसडीएम मुकुंद ने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों और हरियाणा सरकार के निर्देशों की अनुपालना सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में पटाखों पर लगाए गए पूर्ण प्रतिबंध को सख्ती से लागू किया जा रहा है। इस उद्देश्य से खंड स्तरीय प्रवर्तन समितियों का गठन किया गया है, जो निगरानी, जांच और कार्रवाई की जिम्मेदारी निभाएंगी। उन्होंने कहा कि इन प्रवर्तन समितियों को स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी प्रकार की उल्लंघन की स्थिति में त्वरित कार्रवाई की जाए। साथ ही आमजन से भी अपील की गई है कि वे प्रतिबंध के प्रति जागरूक रहें और किसी भी प्रकार की शिकायत होने पर प्रशासन को सूचित करें। यह समिति ब्लॉक में पटाखों की बिक्री, भंडारण एवं उपयोग पर रोक, जब्ती व निपटान तथा जन-जागरूकता से संबंधित समस्त कार्यों की निगरानी करेगी। खंड स्तर पर संबंधित एसडीएम की अध्यक्षता में प्रवर्तन टीम गठित की गई हैं जिनमें संबंधित डीएसपी, बीडीपीओ, तहसीलदार, फायर स्टेशन अधिकारी एवं खंड शिक्षा अधिकारी शामिल हैं ये टीमें अपने-अपने क्षेत्रों में कानून प्रवर्तन, ग्रामीण एवं स्थानीय स्तर पर प्रचार-प्रसार और शिकायतों के निवारण की जिम्मेदारी निभाएंगी। जब्ती एवं निपटान प्रक्रिया के तहत अवैध रूप से पाए गए पटाखों को मौके पर ही जब्त किया जाएगा तथा एक्सप्लोसिव रूल्स 2008 के अनुसार अधिकृत अधिकारियों द्वारा उनका सुरक्षित निपटान किया जाएगा। संबंधित अधिकारी 48 घंटे के भीतर रिपोर्ट उपायुक्त व एचएसपीसीबी को भेजेंगे। जन-जागरूकता अभियान के तहत पोस्टर, पंपलेट, स्थानीय समाचार पत्रों, रेडियो, सोशल मीडिया और सार्वजनिक स्थलों पर डिस्प्ले बोर्डस के माध्यम से लोगों को जानकारी दी जाएगी। स्कूलों, रेजड़ेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) और मार्केट एसोसिएशनों की भी भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। इस मौके पर तहसीलदार दिनेश आहूजा, नायब तहसीलदार राहुल, खंड शिक्षा अधिकारी सरिता, नगर पालिका सचिव नवीन नांदल, फायर अधिकारी व अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

**अमजन यहां करवाएं शिकायत दर्ज**

एसडीम मुकुंद ने बताया कि शिकायत निवारण तंत्र के तहत नागरिकों को पटाखा प्रतिबंध के उल्लंघन से संबंधित शिकायतें दर्ज कराने के लिए कई विकल्प उपलब्ध कराए गए हैं। इमेल और ट्विटर के अलावा व्हाट्सएप नंबर 8100008345 एवं 8005777070 के माध्यम से दर्ज कर सकते हैं। प्राप्त शिकायतों को 24 घंटे के भीतर एटीआर किया जाएगा तथा संबंधित खंड स्तर की टीम द्वारा उसकी जांच कर 48 घंटे के भीतर कार्रवाई रिपोर्ट तैयार की जाएगी। सभी मामलों की निगरानी ब्लॉक प्रवर्तन समिति द्वारा की जाएगी।



# सांघी गांव में लगाया फिजियोथेरेपी का कैंप

- आयोजित शिविर में लोगों ने आकर अपने जोड़ों के दर्द की जांच करवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

मां दानो देवी धर्मार्थ ट्रस्ट की तरफ से संचालित विमल प्रसाद जैन एवं सुशीला देवी जैन फिजियोथैरेपी सेंटर पर सांघी गांव में फ्री कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें लोगों ने आकर अपने जोड़ों के दर्द की जांच करवाई। इस कैंप के अंदर डॉक्टर अरमान के द्वारा मरीजों की जांच की गई। जिसके बाद जिन मरीजों को उपचार की जरूरत थी, उनका उपचार किया गया।

संस्था के संचालक तस्वीर हुड्डा ने बताया कि इस कैंप का आयोजन हर सप्ताह सांघी गांव के बस अड्डे के नजदीक किया जाता है। जिसका मकसद है कि गांव के जो भी बुजुर्ग लोग हैं उन्हें उपचार के लिए गांव से बाहर ना जाना पड़े। क्योंकि गांव के लोगों को शहर में आने जाने में काफी समय खराब हो जाता है। संस्था के कोषाध्यक्ष नवनीत हुड्डा ने बताया कि रोहतक जिले के प्रसिद्ध उद्योगपति और समाजसेवी राजेश जैन की तरफ से इस कैंप का संचालन किया जाता है। क्योंकि राजेश जैन हमेशा समाज के हित में सोचते रहते हैं। ऐसे में जब उन्होंने देखा कि गांव के अंदर कोई भी फिजियोथैरेपी सेंटर नहीं है, तो संस्था की मदद से उन्होंने गांव में फिजियोथैरेपी सेंटर खोला। जिससे गांव के लोगों को अब इलाज के लिए बाहर नहीं जाना पड़ता है। उन्होंने बताया कि इस कैंप के अंदर मरीजों की जांच डॉक्टर अरमान के द्वारा की जाती है। जो कि समाज के हित को देखते हुए पिछले एक साल से कैंप में अपनी फ्री सेवाएं दे रहे हैं। इस कैंप के अंदर बतौर कंसल्टेंट डॉक्टर ज्योती भी मौजूद रहती हैं।



**रोहतक।** हरियाणा स्टेट पेंशनर्स समाज के जिला पदाधिकारी मांगों को लेकर डीसी के नाम ज्ञापन सौंपते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

# पेंशनर्स समाज ने डीसी के नाम ज्ञापन सौंपा

- डीसी कार्यालय में अखिल भारतीय स्टेट्स पेंशनर फेडरेशन के आह्वान पर एकत्र हुए पदाधिकारी व सदस्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरियाणा स्टेट पेंशनर्स समाज के जिला पदाधिकारी व राज्य कार्यकारिणी के सदस्य सीनियर सिटीजन क्लब मानसरोवर पार्क में इकट्ठा हुए। इसके बाद डीसी कार्यालय में अखिल भारतीय स्टेट्स पेंशनर फेडरेशन के आह्वान पर पेंशनर्स की मांगों का ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन देने वालों सदस्यों में वीरेंद्र शर्मा राज्य प्रधान, मेहर सिंह नैन राज्य चेयरमैन, धर्म कौर राज्य उपप्रधान, रोशनी हुड्डा राज्य महासचिव, दयानंद यादव जिला प्रधान, देबी सिंह देशवाल जिला चैयरमेन, करतार सिंह सहारण, राजेन्द्र शर्मा, बलवान सिंह ढांडा, रण सिंह कादियान, वीरेंद्र सिंह सिन्धु व रामकुमार दुहन आदि मौजूद रहे।

### युवक को गोली मारने वाला जेल भेजा

**बहादुरगढ़।** लाइनपार में एक युवक को गोली मारने के मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की निशानदेही पर वारदात में इस्तेमाल किया गया हथियार बरामद कर लिया गया है। मंगलवार को अदालत में पेश कर उसे जेल भेज दिया गया। मामले में जानकारी देते हुए लाइनपार थाना प्रभारी पवन कुमार ने बताया कि वत्स कॉलोनी के निवासी कुणाल ने शिकायत दी थी कि आठ जून को वह अपने दोस्त के साथ किसी काम के लिए जा रहा था। रास्ते में हमें गौरव निवासी लाइनपार मिल गया। टरसाइकिल पर बैठाकर वह हमें अपने घर ले गया। जहां पर गौरव के साथ मेरी कहासुनी हो गई। इस दौरान गौरव ने जान से मारने की नीयत से मेरे फायर कर दिया। मेरे पांव में गोली लगी। एसएचओ ने बताया कि मामले में तब से आरोपी की तलाश की जा रही थी। अब उसे गिरफ्तार किया गया है। आरोपी गौरव मूलतः पानीपत से है।

# एसआरएस स्कूल में प्रशिक्षण शिविर लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

एसआरएस स्कूल में हरियाणा कन्या वाहिनी एनसीसी द्वारा आयोजित वार्षिक प्रशिक्षण शिविर 144 में समापन की ओर बढ़ते हुए 24 जून को पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। प्राचार्य सुमित शर्मा विशिष्ट अतिथि रहे। 10 दिवसीय शिविर में प्रशिक्षण के साथ अनेक प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। जिसमें सर्वोत्म प्रदर्शन करने वाले कैडेट्स को प्रधानाचार्य के करकमलों द्वारा ट्रॉफी और मेडल से पुरस्कृत किया गया। सामूहिक गायन प्रतियोगिता में एपीजे कॉलेज चरखी दादरी की टीम विजई रही। वहीं, जूनियर विंग सामूहिक गायन प्रतियोगिता में राजकीय कन्या वरिष्ठ विद्यालय बहुअकबरपुर प्रथम स्थान पर रहा। सामूहिक नृत्य में वैश्य स्कूल चरखी दादरी और राजीव गांधी कॉलेज भिवानी प्रथम स्थान पर विजयी रहा। ड्रिल कॉम्पिटिशन में चैंपियन ट्रॉफी महऋषि दयानन्द विश्वविद्यालाल रोहतक और राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ढाणी फोगाट को प्राप्त हुई। इसके अतिरिक्त अनेक प्रतियोगिताओं में कैडेट ने सर्वोत्म प्रदर्शन के लिए विभिन्न पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। कैडेट को प्रेरित करने के लिए इस अवसर पर चिकित्सा विभाग से डॉ. विपिन मनोचिकित्सक भी पहुंचे। ब्रह्मकुमारी संस्थान से आर्यनगर मेडिटेशन सेंटर की डायरेक्टर उमा दीदी ने बेहद प्रभावी ढंग से कैडेटों को अपने संबोधन के द्वारा पहले स्वयं का फिर अपने परिवार, समाज और राष्ट्र की सेवा के लिए प्रोत्साहित किया।




**रोहतक।** एसआरएस स्कूल में नशे के खिलाफ लागाए गए शिवकर में मौजूद आयोजक व कैडेट्स। *फोटो : हरिभूमि*

**नशे के खिलाफ इनकी भूमिका रही महत्वपूर्ण**

डॉक्टर विपिन और उनकी पूरी टीम ने कैडेटों को नशे के विरुद्ध तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके द्वारा एनसीसी शिविर में नशे के नुकसान के प्रति कैडेट को जागरूक करने के साथ कभी नशा न करने के लिए शपथ भी दिलवाई गई। शिविर में मौजूद सभी 553 कैडेट ने भारत सरकार की मुहिम के साथ जुड़ने के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के माध्यम से भी शपथ ग्रहण की।

# एक साल में 4 करोड़ 84 लाख से अधिक प्रॉपर्टी टैक्स जमा



**बहादुरगढ़।** नगर परिषद में एक अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 तक चार करोड़, 84 लाख, 60 हजार 369 रुपये प्रॉपर्टी टैक्स आमजन द्वारा जमा करवाया गया। एक आरटीआई के जवाब में यह बात सामने आई है। टैक्स जमा कराने के बावजूद लोग समस्याओं से जूझ रहे हैं। कहीं टूटी गलियां तो कहीं बंद सीवर लाइन लोगों को परेशान कर रही हैं। सतपाल हाड़ा ने कहा कि अप्रैल-2025 में नगर परिषद से आठ बिंदुओं पर जानकारी मांगी थी। हाल ही में आरटीआई का जवाब आया है। एक बिंदू जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी से संबंधित था, बाकी अन्य बिंदुओं पर जानकारी प्राप्त हुई है। जवाब में सामने आया कि वर्ष-2022 से 2025 तक वार्ड- 21 (नेहरू पार्क एरिया) व वार्ड-22 (महावीर पार्क एरिया) में तीन वर्षों में कुल 73 लाख 50 हजार के विकास कार्य नगर परिषद द्वारा करवाए गए हैं। जबकि दोनों वार्डों में टूटी गालियां, बंद पड़े सीवर विकास कार्यों की पोल खोल रहे हैं। दोनों वार्ड सघन आबादी वाले क्षेत्र हैं। महावीर पार्क वार्ड की गली नंबर-4 जगह-जगह से टूटी हुई है व वार्ड-21 से गुजरने वाले पुराने बराही रोड की हालत बहुत ही खस्ता है।

# बामड़ोली के हरदीप ने एशियन चैंपियनशिप में जीता गोल्ड

**बहादुरगढ़।** हिंद केसरी सोनू अखाड़े का पहलवान हरदीप बामड़ोली वियतनाम में आयोजित अंडर-17 एशियन चैंपियनशिप में छाया रहा। शानदार प्रदर्शन करते हुए हरदीप ने अपने भारवर्ग में देश के लिए गोल्ड मेडल जीता है। उसकी जीत पर परिजनों और कुश्ती प्रेमियों ने खुशी जताई है। अखाड़े में लौटने पर उसका जोरदार अभिनंदन किया जाएगा। इन दिनों वियतनाम में अंडर-17 एशियन कुश्ती चैंपियनशिप चल रही है। कई एशियाई देशों के पहलवान इसमें भाग ले रहे हैं। मांडोठी स्थित हिंद केसरी सोनू अखाड़े में अभ्यास करने वाले हरदीप बामड़ोली ने भी जोर आजमाइश की। हरदीप ने 110 केजी ग्रीको रोमन में जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए अपने तमाम मुकाबले जीते। फाइनल में चीन के पहलवान को एक तरफा परास्त करके देश के लिए गोल्ड मेडल हासिल कर लिया। हरदीप गांव बामड़ोली का रहने वाला है। पिछले कुछ समय से अर्जुन अवॉर्डी धर्मेंद्र दलाल के मार्गदर्शन में अभ्यास कर रहा है। इससे पहले अंडर-15 एशिया चैंपियनशिप में भी मेडल जीत चुका है। इसके अलावा नेशनल, स्कूल नेशनल में भी मेडल जीते हैं। कोच धर्मेंद्र दलाल ने बताया कि हरदीप बेहद होनहार पहलवान है। लगातार जीत दर्ज कर इलाके का मान बढ़ा रहा है। जैसे जैसे इसकी उम्र बढ़ेगी तो प्रदर्शन में और अधिक निखार आएगा। यकीनन आने वाले समय में देश के लिए कई मेडल जीतेगा।



- वियतनाम में चल रही है एशियन कुश्ती चैंपियनशिप

**बहादुरगढ़।** पदक विजेता हरदीप पहलवान। फोटो : हरिभूमि

# जिला स्वास्थ्य अधिकारी कोरोना संक्रमित एक सप्ताह के लिए होम क्वॉरेंटाइन

- इस सीजन में जिले में तीसरा मामला, पहले दो रेलवे कर्मी आ चुके हैं कोरोना की चपेट में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिले में कोरोना संक्रमण ने एक बार फिर दस्तक दी है। जिले में स्वास्थ्य विभाग की सर्वोच्च अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. ज्योत्सना की कोविड-19 रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। फिलहाल उन्हें चिकित्सकों की सलाह पर एक सप्ताह के लिए होम क्वॉरेंटाइन कर दिया गया है। उनकी कोरोना जांच आरटीपीसीआर प्रणाली से खानपुर मैडीकल कॉलेज में हुई है। इससे पहले दोनों मामलों में जांच रिपोर्ट रैपिड जांच के आधार पर थी। जानकारी के अनुसार बीते तीन दिनों से सीएमओ डॉ. ज्योत्सना की तबीयत ठीक नहीं थी, जिसके चलते उन्होंने सोमवार को कोरोना टेस्ट के लिए अपना सैंपल दिया था। सैंपल को खानपुर मेडिकल कॉलेज भेजा गया था, जहां मंगलवार को आई रिपोर्ट में उन्हें कोरोना पॉजिटिव पाया गया। रिपोर्ट आने तक वे होम आइसोलेशन में थीं, लेकिन अब उन्हें सख्त क्वॉरेंटाइन के निर्देश दिए गए हैं। सीएमओ के संक्रमित पाए जाने के बाद स्वास्थ्य विभाग में चिंता का माहौल है। विभाग के अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों को एहतियात बरतने, मास्क पहनने, सैनिटाइजर के प्रयोग और सामाजिक दूरी बनाए रखने के सख्त निर्देश दिए गए हैं। साथ ही डॉ. ज्योत्सना के संपर्क में आए लोगों की सूची तैयार की जा रही है। जरूरत पड़ने पर इन सभी की कोविड जांच कराई जाएगी। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है, लेकिन एहतियात के तौर पर जिले में निगरानी बढ़ा दी गई है।

## पिछले तीन महीनों में 5,000 से अधिक को किया गया प्रशिक्षित

# भारत निर्वाचन आयोग का 379 क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं के लिए 2 दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बूथ स्तर अधिकारियों पर्यवेक्षकों के लिए प्रशिक्षण के 13वें बैच के दो दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम का नई दिल्ली स्थित इंडिया इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डेमोक्रेसी एंड इलेक्शन मैनेजमेंट में समापन हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम में 379 प्रतिभागियों (उत्तर प्रदेश से 111, मध्य प्रदेश से 128, नागालैंड से 67, मेघालय से 66 और चंडीगढ़ से 7) ने भाग लिया। पिछले तीन महीनों में आयोग द्वारा नई दिल्ली में 5,000 से अधिक बीएलओ/बीएलओ पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षित किया गया है। उन्होंने बताया कि दो दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम के अवसर पर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक है कि मतदाता सूची तैयार की जाए और चुनाव जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1950, 1951, मतदाता पंजीकरण नियम 1960, चुनाव संचालन नियम, 1961 और समय-समय पर ईसीआई द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार सख्ती से आयोजित किए जाएं। किसी भी लोकतंत्र में कानून से ज्यादा पारदर्शी कुछ नहीं हो सकता और भारत में चुनाव कानून के अनुसार ही होते हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त ने यह भी रेखांकित किया कि प्रशिक्षण के माध्यम से प्रतिभागी जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 24 (ए) के तहत डीएम/जिला कलेक्टर/कार्यकारी मजिस्ट्रेट तथा धारा 24 (बी) के तहत राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के मुख्य चुनाव अधिकारी (सीईओ) के पास प्रकाशित अंतिम मतदाता सूची के विरुद्ध प्रथम और द्वितीय अपील के प्रावधानों से परिचित होंगे। उन्होंने बीएलओ और बीएलओ पर्यवेक्षकों को भी प्रोत्साहित किया कि वे अपने क्षेत्र स्तरीय सत्यापन के दौरान मतदाताओं को इन प्रावधानों के बारे में अवश्य जागरूक करें।

यह स्मरणीय है कि 6 से 10 जनवरी 2025 तक विशेष सारांश संशोधन (एसएसआर) अभ्यास पूरा होने के बाद मेघालय, नागालैंड, मध्य प्रदेश, चंडीगढ़ और उत्तर प्रदेश से कोई अपील दायर नहीं की गई थी।

**प्रतिभागियों को प्रशिक्षण मिलेगा**



प्रतिभागियों की व्यावहारिक समझ को बढ़ाने के लिए डिज़ाइन किया गया है, खासकर मतदाता पंजीकरण, फॉर्म हैंडलिंग और चुनावी प्रक्रियाओं के क्षेत्र-स्तरीय कार्यान्वयन के क्षेत्रों में प्रतिभागियों को आईटी उपकरणों पर व्यावहारिक प्रशिक्षण भी मिलेगा। अधिकारियों को मॉक पोल सहित ईवीएम और वीवीपैट का तकनीकी प्रदर्शन और प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। **उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह**

### स्टेशन पर मिला शराब से भरा बैग

**बहादुरगढ़।** एसपी रेलवे नीतिका गहलोत के नेतृत्व में जीआरपी की ओर से ऑप्रेशन आक्रमण अभियान चलाया गया। बहादुरगढ़ में भी यह कार्रवाई देखने को मिली। यहां एसएचओ विनोद कुमार की अगुवाई में स्टेशन परिसर व आसपास जांच की गई। इस दौरान एएसआई राकेश कुमार की टीम ने प्लेट फार्म नंबर दो पर एक बैग बरामद किया। बैग की तलाशी ली तो उसमें देशी शराब के 64 पव्वे पाए गए। शराब कब्जे में लेकर टीम ने आगामी कार्रवाई शुरू की। जांच अधिकारी राकेश कुमार का कहना है कि मामले में तफ्तीश चल रही है। शराब कौन छोड़कर गया, ये पता लगाया जा रहा है। स्टेशन पर जांच अभियान लगातार चलाया जा रहा है। आम नागरिकों से भी अपील है कि अपने सामान का ख्याल रखें।

### गर्म पानी से झुलसे कर्मचारी ने तोड़ा दम

**बहादुरगढ़।** आसौदा स्थित एक कंपनी में काम के दौरान झुलसे कर्मचारी ने दो सप्ताहबाद दम तोड़ दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू करा दी है। घटना को संयोग मानकर कार्रवाई की गई है। मृतक की पहचान करीब 27 वर्षीय उत्तम के रूप में हुई है। यूपी के सीतापुर का रहने वाला था। जानकारी के अनुसार, वह यहां सांखोल में रह रहा था और आसौदा स्थित एक क्वॉइल कंपनी में काम करता था। गत 9 जून को वह कंपनी में काम करते वक्त गर्म पानी से भरे ड्रम में गिर गया।

**निविदा सूचना**
**गौड़ ब्राह्मण डिग्री कालेज, रोहतक।**
**Shop for Rent/Lease**
महाविद्यालय की 10 दुकानें जो गौकर्ण रोड़ पर स्थित हैं, किराये के लिए दी जानी हैं। इच्छुक व्यक्ति निविदा की सम्पूर्ण जानकारी के लिए कालेज की वेबसाईट (www.gbdcrohtak.ac.in) पर विजिट करें।
हस्ता/-प्रशासक
गौड़ ब्राह्मण विद्या प्रचारिणी सभा, रोहतक

## खबर संक्षेप



### अजायब में मनाई श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि

**महम।** मंगलवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने अजायब गांव में प्रखर राष्ट्रवादी और महान शिक्षा विद श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्य तिथि मनाई। इस मौके पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र के सामने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के आयोजक राकेश नैन थे और भाजपा के हलका महम से पूर्व प्रत्याशी रहे अजीत अहलावत ने कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। अजीत अहलावत ने बताया कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने कहा था कि एक देश में दो विधान नहीं चलेंगे। इस बात को लेकर उन्होंने आंदोलन किया था और अपनी शहादत दी थी। उन्होंने जनसंघ की स्थापना की थी। वे देश में एकता और समानता के प्रखर समर्थक थे। इस मौके पर राकेश शर्मा, ओम प्रकाश व राकेश नैन समेत कई पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे।

### मानवाधिकार आयोग करवाएगा प्रतियोगिता

**रोहतक।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग मानवाधिकारों पर लघु फिल्मों के लिए 11वीं वार्षिक प्रतियोगिता आयोजित कर रहा है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए पंजीकरण की अंतिम तिथि 31 अगस्त है। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य मानवाधिकारों को बढ़ावा देने और उनकी रक्षा करने के लिए भारतीय नागरिकों के रचनात्मक प्रयासों को प्रोत्साहित करना है। यह जानकारी उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग द्वारा इस प्रतियोगिता के माध्यम से मानवाधिकारों को बढ़ावा देकर उनकी रक्षा करना है। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए आयोग की ईमेल आईडी पर 31 अगस्त तक ऑनलाइन प्रविष्टि भेजी का सकती है।

## पूरे प्रदेश के अफसरों, नेताओं, समाजसेवियों और उद्योगपतियों ने माता जी को पुष्पांजलि अर्पित की


# सिंधु भवन पहुंचकर माता परमेश्वरी देवी जी को श्रद्धांजलि दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु की माता परमेश्वरी देवी जी के निधन पर शोक जताने के लिए कई राज्यों से लोग सेक्टर 14 स्थित सिंधु भवन पहुंच रहे हैं। दिन भर लोगों ने माता परमेश्वरी देवी जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की।मंगलवार को कई नेताओं, अधिकारियों और गणमान्य लोगों ने शोक व्यक्ति किया।

### प्रदेश भर से पहुंचे शोक जताने


माता परमेश्वरी देवी जी के निधन पर शोक जताने के लिए पूर्व डीजीपी महेंद्र सिंह मलिक, पूर्व आईपीएस केके सिंधू, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी पीके दास व संजीव कौशल, एसपी सोनीपत नरेंद्र कादयान, पूर्व विधायक बलराज कुंडू, पूर्व विधानसभा स्पीकर कुलदीप शर्मा, विधायक आदित्य चौटाला, विधायक आदित्य चौटाला, विधायक कंवर सिंह यादव, पूर्व ओएसडी सीएम जवाहर यादव, भाजपा नेता मुकेश गौड़, उद्योगपति राजेंद्र बंसल, पूर्व एमसी सूरजमल किलोई, लोकेश जैन, चंद्र गर्ग, भाजपा नेता रमेश बोहर, भाजपा नेता राजेश हुड्डा सहित पूरे प्रदेश से लोग पहुंचे।



**रोहतक।** सिंधु भवन में शोक जताने पहुंचे भाजपा प्रवक्ता जवाहर यादव, मुकेश गौड़ सामाजिक संगठनों से जुड़े प्रतिष्ठित लोग।

**विधायक देवेंद्र अत्री**

### सभी अपने परिवार को माता जी की तरह संस्कार दें



उचाना विधायक देवेंद्र अत्री ने कहा कि माता परमेश्वरी देवी ने जो संस्कार परिवार को दिए हैं। वह हर माता पिता को अपने बच्चों को देने चाहिए। संस्कार और मेहनत की वजह से ही युवा आगे चलकर सफल हो सकते हैं।

**महावीर गुड्डू, जगमोहन मित्तल**

### माता जी ने समाज को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया



पदमश्री महावीर गुड्डू ने कहा कि माता परमेश्वरी देवी के संस्कार समाज को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं। वहीं उद्योगपति जगमोहन मित्तल ने कहा कि परमेश्वरी देवी जी ने पूरा जीवन जन कल्याण के कार्यों में लगाया। आज इसी की बदौलत उनका परिवार देश हित में कार्य कर रहा है।

**अशोक बुवानीवाल**

### माता जी से समाज को प्रेरणा लेनी चाहिए



अग्रवाल वैश्य समाज अध्यक्ष अशोक बुवानीवाल ने कहा कि माता परमेश्वरी देवी जैसे व्यक्तितत्व कभी कभी जन्म लेते हैं। इनसे समाज को प्रेरणा लेनी चाहिए। उनके जाने से जो खालीपन आया है, वह कभी नहीं भरेगा।

**पूर्व मंत्री कांता देवी**

### परिवार को बहुत अच्छे संस्कार दिए



पूर्व मंत्री कांता देवी ने कहा कि माता परमेश्वरी देवी ने परिवार को बहुत अच्छे संस्कार दिए। उनकी मेहनत की वजह से परिवार आगे बढ़ा है।

**तेजेंद्र निरवाल**

### माता जी की कमी कभी पूरी नहीं होगी



पूर्व विधायक यूपी तेजेंद्र निरवाल ने माता परमेश्वरी देवी के निधन पर गहरा दुख प्रकट किया। उन्होंने कहा कि माता की कमी कभी पूरी नहीं हो सकती। प्रार्थना की कि ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें।



**रोहतक।** श्रद्धांजलि देते विधायक कंवर सिंह यादव।



**रोहतक।** श्रद्धांजलि देते मुंडका दिल्ली विधायक गजेंद्र दराल।



**रोहतक।** श्रद्धांजलि देते महम के पूर्व विधायक बलराज कुंडू।



**रोहतक।** श्रद्धांजलि देते पूर्व विधायक संजय लाठर।



**रोहतक।** श्रद्धांजलि अर्पित करते पूर्व डीजीपी एमएस मलिक।



**रोहतक।** श्रद्धांजलि देते कांग्रेस नेता कुलदीप शर्मा।



**रोहतक।** चित्र पर पुष्प अर्पित करते श्रद्धांजलि अर्पित करते रि. आईएएस पीके दास।



**रोहतक।** पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित करते रि. आईएएस संजीश कौशल।



**रोहतक।** श्रद्धांजलि अर्पित करते पूर्व आईपीएस केके सिंधू।



**रोहतक।** माता जी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते सोनीपत एसपी नरेंद्र कादयान।



**रोहतक।** माता जी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते उद्योगपति राजेंद्र बंसल।

# विश्व मादक पदार्थ दुरुपयोग दिवस : सबूत आधारित रोकथाम से मिलेगी नशे पर लगाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हर वर्ष की तरह इस साल भी 26 जून को विश्व मादक पदार्थ दुरुपयोग और अवैध तस्करी विरोधी दिवस मनाया जाएगा। वर्ष 2025 की थीम है "सबूत के आधार पर रोकथामः मादक पदार्थों के उपयोग को समाप्त करने का एक प्रभावी तरीका", जो इस गंभीर सामाजिक चुनौती के समाधान में वैज्ञानिक दृष्टिकोण को अपनाने पर बल देती है। इस दिवस का उद्देश्य मादक पदार्थों की लत और तस्करी से जुड़ी समस्याओं पर वैश्विक स्तर पर ध्यान केंद्रित करना और समाज को इसके दुष्परिणामों से अवगत कराना है। विशेषज्ञों का मानना है कि केवल दंडात्मक उपायों से समाधान नहीं निकलेगा, बल्कि शिक्षा, जागरूकता और रोकथाम अपनाना समय की मांग है।

### नशे की लत एक इलाज योग्य मानसिक बीमारी



डॉ. आशीष मलिक, वरिष्ठ मनोचिकित्सक एवं निदेशक, मलिक न्यूरोसाइकियाट्री सेंटर, सेक्टर-2 ने बताया कि नशे की लत कोई चरित्र दोष नहीं बल्कि एक इलाज योग्य मानसिक बीमारी है। यदि समाज इसे कलंकित करने की बजाय समझदारी से देखे और विज्ञान आधारित उपचार की ओर अग्रसर हो, तो हजारों युवाओं की जिंदगी बदली जा सकती है। डॉ. मलिक के अनुसार, इस दिन के अवसर पर विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों, स्वास्थ्य केंद्रों और सामाजिक संगठनों द्वारा संगोष्ठियों, नाट्य प्रस्तुतियों और पोस्टर प्रतियोगिताओं जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। सोशल मीडिया के जरिए भी युवाओं में जागरूकता फैलाने का प्रयास किया जाता है। इस मौके पर सभी नागरिकों से अपील की गई है कि वे नशे के खिलाफ इस अभियान में अपना योगदान दें और समाज को एक बेहतर दिशा में ले जाने के लिए सकारात्मक भूमिका निभाएं।

# केवीएम नर्सिंग कॉलेज में कैंसर और मानसिक स्वास्थ्य पर जागरूक किया



**रोहतक।** केवीएम कॉलेज ऑफ़ नर्सिंग में नर्सिंग छात्रों के लिए कैंसर जागरूकता एवं मानसिक स्वास्थ्य विषय पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओ को कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के लक्षण, रोकथाम, उपचार की जानकारी देना और साथ ही मानसिक स्वास्थ्य के महत्व को समझाना था। कार्यक्रम की शुरुआत डॉक्टर संजय बडेसरा ने की। जिसमें उन्होंने बताया कि कैसे कैंसर के लक्षणों को पहचाना जा सकता है और समय से कैसे उसका इलाज किया जा सकता है। कार्यक्रम में वरिष्ठ ऑनकोलॉजिस्ट डॉक्टर संजय बडेसरा और मनोवैज्ञानिक मिस्टर राज आलमपुर ने विशेष व्याख्यान दिए। कार्यक्रम में छात्राओं ने बड़े उत्साह से भाग लिया और अनेक प्रश्न पूछे। जिसमें उनकी जागरूकता और संवेदनशीलता का परिचय मिला।

# रोहतक की बेटी चेष्टा ने अंडर-17 एशियन कुश्ती में दिखाया दम, जीता रजत पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

वियतनाम में हुई महिला अंडर-17 एशियन कुश्ती चैंपियनशिप में रोहतक की बेटी एवं पहलवान चेष्टा ने रजत पदक जीतकर प्रदेश का नाम चमकाया है। चेष्टा 40 किलोग्राम भार वर्ग के फाइनल मुकाबले में उज्बेकिस्तान की खिलाड़ी से 2-4 से हार गई, लेकिन उसने दर्शकों का दिल जीत लिया। बता दें कि चेष्टा पंजाबी समुदाय से आती हैं। यह प्रतियोगिता वियतनाम वुंग ताऊ शहर में हो रही है। प्रतियोगिता 23 जून को शुरू हुई थी और 26 जून को खत्म होगी। चेष्टा की यह पहली अंतरराष्ट्रीय चैंपियनशिप है। उसने इस प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर परिवार और कोच का मान बढ़ाया है। चेष्टा ने अपने पहले मुकाबले में जापान की पहलवान को 4-0 से दूसरे मुकाबले में किर्गिस्तान के पहलवान को 6-0 से, तीसरे मुकाबले में कजाकिस्तान की पहलवान को 10-0 और चौथे मुकाबले में मंगोलिया की पहलवान को 6-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया था। चेष्टा रोहतक के छोटूराम स्टेडियम में कोच मनदीप के मार्गदर्शन में अभ्यास करती है। उनके कोच मनदीप का कहना है कि चेष्टा एक होनहार और मेहनती खिलाड़ी है। वहीं चेष्टा के पिता अमन भुटानी ने बेटी की इस सफलता का श्रेय कोच को दिया है।



**रोहतक।** राजत पदक विजेता चेष्टा।

**हरिभूमि**

**आवश्यक सूचना**

जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-

हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

**मृत्यु अंत नहीं है**

मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।

**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**

आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra

नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।

**अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें**

सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400

मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

**गणित विभाग में एआई समर स्कूल का तीसरा सप्ताह**

# एमडीयू में छात्र सीख रहे मशीन लर्निंग और जेनरेटिव एआई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के गणित विभाग एवं करियर काउंसलिंग एंड प्लेसमेंट सेल के सहयोग से रुहिल फ्यूचर टेक्नोलॉजीज़ ल द्वारा आयोजित आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस समर स्कूल अपने तीसरे सप्ताह में प्रवेश कर चुका है जहां पर छात्रों को अत्याधुनिक तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण देकर उन्हें उद्योग के लिए तैयार किया जा रहा है। आज के सत्र में विशेषज्ञ प्रशिक्षक सुधांशु डांगी और सदफ आलिया ने एपीआई और जेमिनी-फ्लैश एपीआई जैसे इंडस्ट्री-ग्रेड टूल्स पर प्रशिक्षण दिया। वहीं, तीसरे सप्ताह के पहले दिन अंशिका जायसवाल और लोविश ग्रोवर के नेतृत्व में छात्रों ने मशीन लर्निंग आधारित टिक-टैक-टो गेम बनाकर तकनीक को व्यवहार में उतारा। दिन का समापन रेट्रोस्पेक्टिव मीटिंग और कंप्यूटर पर गहन कोडिंग अभ्यास के साथ हुआ। प्रतिभागियों का कहना है "यह क्लास नहीं, एक लॉन्चपैड है-जो हमें असली इंडस्ट्री के लिए तैयार कर रहा है।



### छात्रों को उद्योग-उन्मुख कौशल अनुभव दे रहे

गणित विभाग के अध्यक्ष एवं समर स्कूल के संयोजक प्रो. सुमित गिल ने बताया कि आने वाले सत्रों में प्रतिभागी कई अत्यंत प्रासंगिक और भविष्य-उन्मुख विषयों से रूबरू होंगे। उन्होंने कहा कि छात्र प्री-ट्रेन्ड मॉडल्स, बैच प्रेडिक्शंस, डेटा माइनिंग से टेक्स्ट जनरेशन और टूल्स का परिचय पाएंगे। यह कार्यक्रम छात्रों को उद्योग-उन्मुख कौशल, आधुनिक टूल्स और टीम-वर्क का व्यावहारिक अनुभव दे रहा है। पूरी तरह से निःशुल्क होने के बावजूद इसमें सभी जरूरी सुविधाएं-जैसे कि अत्याधुनिक कंप्यूटर लैब, अनुभवी प्रशिक्षकों का मार्गदर्शन उपलब्ध कराए जा रहा है।

### बिजली की दरें महंगी होने से प्रदेश की जनता परेशान : अमन

**रोहतक।** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रवक्ता अमन वशिष्ठ ने कहा कि प्रदेश में बिजली की दरे महंगी होने के चलते भारी भरकम बिजली बिल मिलने से जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि 75 रुपए प्रति किलोवाट फिक्स चार्ज भी इसमे जोड़ दिया गया है यानी 10 किलोवाट कनेक्शन पर अब हर महीने 750 रुपए अतिरिक्त देने पड़ रहे है। उन्होंने कहा कि पहले दरें स्लैब वाइज थी, यानी 50 यूनिट या इससे ज्यादा इस्तेमाल पर 2.50 रुपए से 6.30 रुपए प्रति यूनिट खर्च होता था। अब 05 किलोवाट से अधिक लोड होने पर 06.50 से 07.50 रुपए प्रति यूनिट वसूला जा रहा है। अलग से स्लैब वाइज बिजली के दामों में भी 20 से लेकर 40 पैसे प्रति यूनिट तक बढ़ोतरी हुई है, इतना ही नही विभिन्न कैटेगरी के लिए बनाए गए स्लैब में भी बदलाव किया गया है । बिजली की बढ़ी हुई दरें पहली अप्रैल से लागू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि जब 2005 से 2014 तक हरियाणा प्रदेश में कांग्रेस पार्टी की सरकार सत्ता में थी तो उस दौरान प्रदेश में 04 नए पावर प्लांट और एक न्यूक्लियर पावर प्लांट की स्थापना की गई थी।

# संस्था में पारदर्शिता से पूरी की जाए खरीद प्रक्रिया : एडीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सिरतार संस्थान में स्वीकृत अनुदान राशि को खर्च करने वाले कमेटी की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने की। उन्होंने बताया कि श्रवण एवं अर्पण संस्था मानसिक विकलांग पुनर्वास केंद्र रोहतक को हरियाणा दिव्यांग वेलफेयर सोसायटी पंचकूला द्वारा टेकओवर कर लिया गया है। संस्था की गतिविधियों को सुचारू रूप से चलने के लिए सामाजिक न्याय तथा अधिकारिता, अनुसूचित जातियां एवं पिछड़े वर्ग कल्याण और अंत्योदय विभाग से बजट प्राप्त हुआ है। स्वीकृत अनुदान राशि को बजट में दिए गए विभिन्न आवर्ती और गैर आवर्ती मदों पर खर्च किया जाना है। उन्होंने कहा कि सामान खरीदने के लिए खरीद समिति का गठन किया जाएगा। बैठक में कहा गया कि सामान खरीदने के लिए सभी नियमों की अनुपालना सुनिश्चित की जाए। बैठक में दिव्यांग बच्चों की शिक्षा एवं प्रशिक्षण से संबंधित भौतिक वाक, संगीत एवं व्यावसायिक उपकरण खरीदने के लिए भी चर्चा की गई। संस्था में पेयजल की उचित व्यवस्था बारे भी दिशा निर्देश जारी किए गए।

**अंतरराष्ट्रीय मद्य निषेध दिवस पर होगा कार्यक्रम**



एडीसी नरेंद्र कुमार

नरेंद्र कुमार ने कहा कि हर वर्ष 26 जून को नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय मद्य निषेध दिवस मनाया जाता है। इस दिन के महत्व को ध्यान में रखते हुए नशा मुक्त भारत अभियान के बैनर तले शिक्षण संस्थानों में सांस्कृतिक कार्यक्रम, सेमिनार, कार्यशालाएं और प्रतिज्ञा लेने जैसी गतिविधियां अर्जित की जाएगी। बैठक में सिविल सर्जन रमेश चंद्र आर्य, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कार्यकारी अभियंता संजीव कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी महावीर प्रसाद गोदारा, जिला कल्याण अधिकारी रेणु सिसोदिया, सिरतार के प्राचार्य एडी पासवान, अर्पण संस्था इंचार्ज नीलम कटारिया तथा श्रवण संस्था की लेखा लिपिक मीनू कुमारी आदि मौजूद थे।